भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3835
दिनांक 17.03.2020/27 फाल्गुन,1941 (शक) को उत्तर के लिए

सीमा पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना

3835. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत-पाकिस्तान सीमा पर अटारी मंे सीमा सुरक्षा बल द्वारा देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था;

(ख) क्या प्रतिदिन सूर्यास्त से पहले अटारी-वाघा सीमा पर आयोजित होने वाले समारोह के दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हजारों भारतीय दर्शक भारत और पाकिस्तान के लहराते झंडे को देख सकते हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने पाकिस्तान के झंडे की ही तरह अटारी-वाघा सीमा पर कार्यक्रम स्थल पर भारतीय नागरिकों/दर्शकों को दिखाने के लिए राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के लिए कोई कदम उठाये हैं/उठाने का विचार है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग) : अमृतसर सुधार ट्रस्ट, पंजाब सरकार ने अटारी-बाघा सीमा पर एक ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया है, जो अमृतसर से भारत-पाक सीमा की ओर आते समय दूर से दिखाई देता है। यह ध्वज इसके स्थान और स्टेडियम की ऊँचाई के कारण रिट्रीट समारोह के स्थल से दर्शकों को दिखाई नहीं देता है। तथापि, दो भारतीय ध्वज दर्शक दीर्घा में लगाए गए हैं, जो रिट्रीट समारोह को देखने वाले दर्शकों को दिखाई देते हैं।

******